BSF

# सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर कदमतला, सिलीगुड़ी

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 18 मई 2022

## चार बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी तथा मवेशी, फेनसेडिल व अन्य प्रतिबंधित सामग्री की जब्ती

सीमा सुरक्षा बल के सीमा प्रहरी भारत–बांग्लादेश की सीमा पर श्री अजय सिंह, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर के नेतृत्व में मुस्तैदी से तैनात हैं ताकि राष्ट्र विरोधी तत्वों के तस्करी और घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल किया जा सके। दिनाँक 17 मई 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में भारत–बांग्लादेश सीमा पर तैनात 15 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के सीमा चौकी दाइखाता के सीमा प्रहरियों ने 04 बांग्लादेशी नागरिकों जिसकी पहचान मोना चन्दा रॉय (27 बर्ष) पुत्र प्रबीर चन्द्र रॉय ग्राम–गोलानारी, थाना+जिला–पांचगर (बांग्लादेश), फाइमा बेगम (43 बर्ष) पति राजेश तथा उनकी बेटी राबिया खातून (14 बर्ष) और उनके भातीजे इसराफिल शेख (08 बर्ष) पुत्र अकमेल सभी निवासी ग्राम+थाना लालपुर, जिला–नटोर (बांग्लादेश) को उस समय पकड़ा जब वे अवैध तरीके से भारत से बांग्लादेश अन्तरर्राष्ट्रीय सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। पकड़े गये सभी बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस स्टेशन कोतवाली को सौंप दिया गया है।

उपरोक्त के अलावा, दिनाँक 17 से 18 मई 2022 को उत्तर बंगाल फ्रंटियर सीमा सुरक्षा बल के अधीन वाहिनियों के सीमा प्रहरियों ने अपने–अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी विरोधी अभियान चलाया जिसमें राष्ट्र विरोधी तत्वों के तस्करी के नापाक मंसूबों को विफल करते हुए विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों से 19 मवेशी, 319 बोतल फनसेडिल और अन्य प्रतिबंधित सामग्री जब्त किया। जब्त किए गए सामानों की कुल कीमत 3,99,037/– रुपये आँकी गई है। उपरोक्त वस्तुओं को सीमा सुरक्षा बल के सीमा प्रहरियों ने उस समय जब्त किया जब तस्कर भारत से बांग्लादेश में इन वस्तुओं को तस्करी करने की कोशिश कर रहे थें।

-------------